हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 मई 2024, समय 1305 (5 मिनट))

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन वापिस लेने का आज अंतिम दिन है। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

इन सात राज्यों में पंजाब के सभी 13 और हिमाचल प्रदेश के चार लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस चरण के लिए अगले महीने की पहली तारीख को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

....

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि 25 मई को प्रदेश में होने वाले लोकसभा आम चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग पूरी तरह से तैयार है।

श्री अनुराग अग्रवाल ने बताया कि विश्व का हर देश चाहता है कि भारत की निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया उनके देश में भी लागू हो, कई देशों के चुनाव आयोगों ने भारत के चुनाव आयोग का दौरा किया है और चुनाव प्रक्रिया संचालन से संबंधित जानकारियां हासिल की है। उन्होंने मतदाताओं से आगामी 25 मई को घरों से निकल कर मतदान केंद्रों पर जाकर वोट कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की है।

....

हरियाणा जन चेतना पार्टी के प्रमुख विनोद शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने का ऐलान किया है।

अंबाला में एक पत्रकार वार्ता में श्री शर्मा ने कहा वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर पूरे हरियाणा व अंबाला में बी जे पी का समर्थन कर रहे हैं। पत्रकार वार्ता में उनके बेटे राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा भी मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता से पहले श्री विनोद शर्मा ने उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की।

....

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कल कुरूक्षेत्र के विभिन्न हलकों में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडी गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के लिए वोट मांगे।

उन्होंने जनता से डॉ. गुप्ता को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। प्रचार के दौरान उनके साथ सुशील गुप्ता पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी और लाडवा से विधायक मेवा सिंह भी मौजूद रहे।

विभिन्न जगहों पर प्रचार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 दलों का गठबंधन हुआ है जो देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए हुआ है।

....

हिसार लोकसभा क्षेत्र से जननायक जनता पार्टी की प्रत्याशी नैना चौटाला ने कल हिसार शहर में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि महिला शक्ति उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

श्री चौटाला ने कहा कि हिसार लोकसभा क्षेत्र में उनका मुकाबला अन्य पार्टी के नेताओं से नहीं है। वो जीत के संकल्प के साथ लोगों से मिल रही हैं। उन्होंने डबवाली की विधायक के तौर पर और जननायक जनता पार्टी द्वारा महिलाओं के लिए किए कार्यों का हवाला देते हुए कहा कि अगर जनता ने उन्हें लोकसभा भेजा तो वह महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिए कार्य करेंगी।

....

ग्राम स्वराज किसान मोर्चा द्वारा गठित गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट की खावा टीम द्वारा कल भिवानी जिला के ईशरवाल, रोढ़ा, देवास एवं बूसान आदि गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नागरिकों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदान का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि मतदान न करने वालों में अधिकतम संख्या विद्यार्थियों एवं बुज़ुर्गों की है। उन्होंने कहा कि मतदान के प्रति उदासीनता इतनी बढ़ती चली जा रही है कि निर्वाचन आयोग के लिए भी यह चिंता का विषय बन चुकी है। इसलिए मतदाताओं को उनके दायित्व का बोध कराने व शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया।

....

भिवानी के अतिरिक्त उपायुक्त और बवानीखेड़ा विधानसभा के सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्षित कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर महिला आदर्श महाविद्यालय में चल रही चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 134 के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन अधिकारियों व कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है। अगर वे स्थिति स्पष्ट नहीं करते हैं, तो कार्रवाई की जाएगी।

....